# टीकमगढ़



नवभारत

भोपाल, सोमवार , 30 मार्च 2026


## एक नजर में

### आरटीआई 2025 पर दिया प्रशिक्षण

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। भारत सरकार एवं नरोन्हा प्रशासन अकादमी, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेशानुसार जिला मुख्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में सूचना का अधिकार अधिनियम आरटीआई 2005 पर प्रशिक्षण दिनांक 23 मार्च से 25 मार्च कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार एवं नरोन्हा प्रशासन अकादमी मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।**

प्रशिक्षण का उद्देश्य शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आरटीआई के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करना रहा, जिसमें विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान ई-दक्ष केंद्र के प्रशिक्षकों ने आरटीआई आवेदन प्रक्रिया, प्रथम एवं द्वितीय अपील की व्यवस्था तथा अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानो पर विस्तार से जानकारी दी। व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि किस प्रकार नागरिको को निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाता है। मास्टर ट्रेनर ने प्रतिभागियों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित किया।

# चोरों ने लाखों की चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**अज्ञात चोरों ने पलेरा में सूने मकान को बनाया निशाना**

**घटना स्थल पर बुलाई गई फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़/पलेरा। पलेरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 में एक गल्ला व्यापारी के घर से 18 लाख रुपए की चोरी हुई है। शनिवार रात अज्ञात चोरों ने नकदी और सोने-चांदी के जेवरात सहित यह सामान चुराया। गल्ला व्यापारी सुरेश कुमार गुप्ता अपने परिवार के साथ वेदी हवन के लिए पैतृक गांव गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर लाखों की चोरी की बारदात को अंजाम दिया।**

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह जब परिवार घर लौटा, तो उन्हें ताले टूटे हुए मिले। व्यापारी सुरेश कुमार गुप्ता ने बताया कि चोर 7 लाख 70 हजार रुपए नकद और बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। एडिशनल एसपी विक्रम सिंह और जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम भी बुलाई गई, जो साक्ष्य जुटाने में जुटी है। एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

पलेरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 में एक गल्ला व्यापारी के घर से 18 लाख रुपए की चोरी हुई है। शनिवार रात अज्ञात चोरों ने नकदी और सोने-चांदी के जेवरात सहित यह सामान चुराया। गल्ला व्यापारी सुरेश कुमार गुप्ता अपने परिवार के साथ वेदी हवन के लिए पैतृक गांव गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने घर को निशाना बनाकर लाखों की चोरी की बारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा करने की बात कहीं है।

### एएसपी एवं जतारा एसडीओपी पहुंचे घटनास्थल

घटना की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी विक्रम सिंह और एसडीओपी अभिषेक गौतम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। साक्ष्य जुटाने के लिए फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया गया है, जो मौके से चोरों के सुराग तलाश रही है। दिनदहाड़े और सूने घरों में हो रही ऐसी वारदातों से स्थानीय निवासियों में भारी डर और आक्रोश है। व्यापारियों और नागरिकों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच तेजी से चल रही है।

### चोरी की घटना के बाद पुलिस प्रशासन दिखा सक्रिय

पलेरा मध्य प्रदेश के पलेरा थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दी है। यहाँ एक गल्ला व्यापारी के सूने घर को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने करीब 7 लाख 70 हजार रुपये की नकदी और जेवरात पार कर दिए हैं ।मिली जानकारी के अनुसार, पहाड़ी बुजुर्ग निवासी सुरेश कुमार गुप्ता, जो वर्तमान में पलेरा के वार्ड नंबर 15 जतारा रोड में रहते हैं, अपने परिवार के साथ गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम वेदी हवन में गए हुए थे। घर खाली देख चोरों ने इस सूनेपन का फायदा उठाया और वारदात को अंजाम दिया। चोरी की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में इजाफा



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिलेभर के निजी अस्पतालों सहित जिला अस्पताल की ओपीडी में वायरल फीवर के मरीजों की बढ़ोतरी होने लगी है। जिले में मौसम का मिजाज इन दिनों लगातार बदल रहा है। जबकि दोपहर में धूप की तेज चुभन लोगों को परेशान कर रही है। तापमान में दिन-रात के अंतर ने लोगों की दिनचर्या और सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है।**

मौसम विभाग के वैज्ञानिको के अनुसार रात का पारा लगभग स्थिर बना हुआ है, लेकिन दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। दोपहर में तेज धूप और हल्की गर्म हवाओं के कारण लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। बाजारों में दोपहर के समय आवाजाही कम हो रही है, जबकि शाम ढलते ही ठंडक के साथ रौनक लौट आती है। दोपहर के समय तेज धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा सा नजर आने लगा है। वायरल फीवर के मरीजों में इजाफा हो रहा है। दोपहर के समय तेज धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा सा नजर आने लगा है। वायरल फीवर के मरीजों में इजाफा हो रहा है। चिकित्सकों ने सलाह देते हुए बताया कि मौसम के उतार-चढ़ाव का असर सीधे तौर पर मानव स्वास्थ्य पर दिखाई दे रहा है। जिला अस्पताल सहित निजी क्लीनिकों में वायरल फीवर, सर्दी-खांसी, गले में खराश और बदन दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

# तेज रफ्तार बुलेरो कार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी जोरदार टक्कर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़-बड़ागांव रोड पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार बुलेरो कार ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी, जिससे ट्रॉली पलट गई। हादसे में 22 लोग घायल हो गए। घटना बड़ागांव थाना क्षेत्र के गोपालपुरा तिराहा के पास का है।**

घायल हुए सभी लोग श्रद्धालु थे, जो बगाज माता मंदिर से जवारे विसर्जन के दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे। सभी छतरपुर जिले के ढडोरा बुंढेरा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार 22 लोगों को चोटें आईं। इनमें एक बुजुर्ग सहित चार महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस और 112 की टीम मौके पर पहुंची। सभी घायलों को तुरंत बड़ागांव अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के ड्यूटी डॉक्टर विकास बघेल ने बताया कि 22 लोगों को अस्पताल लाया गया। सभी का प्राथमिक इलाज कर भर्ती किया गया है। सात लोगों की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल सफर किया गया है ।घायलों में अंजना लोधी (26), अनुज लोधी (14), अनिकेत लोधी (11), अंशुल लोधी, गुड़िया लोधी, वर्षा अहिरवार, हर्बल यादव, अज्जू अहिरवार, कंछेदी अहिरवार, सुजान यादव, लल्ला बाई अहिरवार, अभिलाषा अहिरवार, गुड्डी अहिरवार, गीता अहिरवार, सुनीता अहिरवार, रामधार यादव, नैंसी यादव, लक्ष्मी बाई अहिरवार सहित अन्य शामिल हैं। सभी छतरपुर जिले के बुडेरा गांव के निवासी बताए गए हैं।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया प्रवेशोत्सव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग उदल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत 5-6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में महिला बाल विकास के लोग मौजूद रहे।

# डायल 112 के आरक्षक ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले में आमजन को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं संवेदनशील सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।**

इसी क्रम में थाना बड़ागांव क्षेत्र के ग्राम दरगुआं से डायल-112 पर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से गिरकर घायल अवस्था में सड़क किनारे पड़ा है और उसे तत्काल सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही डायल-112 की एफआरवी टीम को मौके पर रवाना किया गया। आरक्षक लक्ष्मण सिंह एवं पायलट रज्जाक खान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर पाया कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर एक पालतू पशु से टकरा गई थी, जिससे व्यक्ति घायल हो गया था। पुलिस टीम ने बिना विलंब किए मानवता का



परिचय देते हुए घायल को सुरक्षित रूप से एफआरवी वाहन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

## दावा आपत्तियों की कार्यवाही पोर्टल पर

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मप्र शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार जिला स्तरीय दावा, आपत्ति निराकरण समिति की बैठक के निर्णय अनुसार आंगनवाडी कार्यकर्ता ,सहायिका की नियुक्ति की अनंतिम सूची पर प्राप्त दावा, आपत्तियों के निराकरण का कार्यवाही विवरण चयन पोर्टल पर दर्ज किया गया है।**

इसके साथ ही बाल विकास परियोजना टीकमगढ ग्रामीण ,पलेरा ,बल्देवगढ़ एवं जतारा की आंगनवाडी कार्यकर्ता , सहायिका की अंतिम चयन सूची का प्रकाशन किया गया है। अंतिम चयन निर्धारित स्थानों पर चस्पा की गई है। सूची पर प्राप्त दावा, आपत्तियों के निराकरण का कार्यवाही विवरण चयन पोर्टल पर दर्ज किया गया है।

# हत्या के मामले में 18 आरोपियों को आजीवन कारावास

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कोर्ट ने शनिवार को एक बहुचर्चित हत्या मामले में फैसला सुनाया। कोर्ट ने सभी 18 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उन पर आर्थिक दंड भी लगाया। सभी दोषियों को जेल भेज दिया गया है।**

अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता संजय शर्मा ने बताया कि यह घटना 11 दिसंबर 2016 को खरगापुर नगर में हुई थी। उस दिन 33 साल अब्दुल कादिर उर्फ कद्दू पर 18 लोगों ने जानलेवा हमला किया था। हमलावरों ने कुल्हाड़ी और तलवार जैसे धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया, जिससे अब्दुल कादिर की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले में 11 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे ।मामले की सुनवाई के दौरान, न्यायालय ने प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों पर विचार किया। इन्हीं के आधार पर सभी



आरोपियों को दोषी ठहराया गया। मुख्य आरोपी असलम सहित सभी 18 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है ।न्यायालय ने जिन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है, उनमें पीर मुहम्मद, जिलानी रंगरेज, भूरे रंगरेज, अब्बास मऊबाले, सुवराती चौधरी, लल्ला चौधरी, हब्बी चौधरी, निशार मुसलमान, अहमद पठान, हैदर मुसलमान, रमजे मुसलमान, मुराद मुसलमान, गब्बर मुसलमान, इदरीश पठान, रिजवान मुसलमान और असलम मुसलमान शामिल हैं ।न्यायालय के इस फैसले पर मृतक अब्दुल कादिर के परिजनों ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लगभग 8 साल बाद उनके परिवार को आखिरकार न्याय मिल गया है।

# जन योजनाओं का लाभ पहुंचाने लगाया गया शिविर

**कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने किया शुभारंभ**

**शासन द्वारा संचालित योजनाओं की दी जानकारी**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार विभिन्न जन योजनाओं, सेवाओं में हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने हेतु स्थानीय उत्सव भवन में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय तथा जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने कहा



कि सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध शासन द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायतों,नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में पात्र हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। साथ ही आमजन की समस्याओं का भी निराकरण किया गया ।उल्लेखनीय है कि संकल्प से समाधान अभियान 12 जनवरी से दिनांक तक ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसीलों तथा विकासखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों में 83402 आवेदन दर्ज किये गये। जिनका परीक्षण कर निराकरण किया गया। शिविरों में प्राप्त 83402 आवेदनो में से 81527 आवेदन स्वीकृत किये गये तथा 1875 आवेदन अस्वीकृत किये गये। स्वीकृत आवेदनों के हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। अभियान अंतर्गत स्थानीय उत्सव भवन में आयोजित जिला स्तरीय शिविर में वन विभाग, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय, आदिमजाति, कृषि, उद्यानिकी, श्रम विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी के माध्यम से विभाग द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को दी गई।

**घटना** ▶ **नगर के बजाज शोरूम का है मामला**

# शोरूम के टॉयलेट निर्माण को लेकर व्यापारी के साथ मारपीट

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले के पलेरा में एक बाइक शोरूम के मालिक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना रविवार को शोरूम के बगल में टॉयलेट निर्माण को लेकर हुए विवाद के कारण हुई। पीड़ित शोरूम मालिक द्वारका प्रसाद दमेले हैं।**

जानकारी के अनुसार दमेले ने जब टॉयलेट निर्माण का विरोध किया, तो उनके पड़ोसी हरिकांत यादव ने अपने साथियों के साथ शोरूम में घुसकर उनसे मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है ।व्यापारी द्वारका प्रसाद दमेले ने पुलिस को बताया कि हरिकांत यादव का रिश्तेदार उनके मकान के बगल में बाथरूम बना रहा था। दमेले ने इस पर आपत्ति जताई, जिससे नाराज होकर हरिकांत



यादव उनके बजाज शोरूम पर आया और गाली-गलौज करने लगा ।जब दमेले ने गालियां देने से मना किया, तो हरिकांत ने लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद हीरा यादव, मनोज यादव और पुष्पेंद्र यादव भी वहां आ गए और गाली-गलौज करने लगे ।पुष्पेंद्र यादव और हीरा यादव ने दमेले के हाथ पकड़कर उन्हें शोरूम से बाहर खींचने की कोशिश की, जबकि मनोज यादव और हरिकांत यादव ने उनसे मारपीट की। हरिकांत ने एक कुर्सी उठाकर दमेले को मारी, जिससे उनकी घड़ी और मोबाइल टूट गया। शोरूम का शीशा भी तोड़ दिया गया।

आरोपियों ने धमकी दी कि अगर उन्होंने विरोध जारी रखा तो उन्हें जान से खत्म कर देंगे। दमेले की शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, 2023 की धाराओं 115(2), 296, 324(4), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है। जिले के पलेरा में एक बाइक शोरूम के मालिक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यह घटना रविवार को शोरूम के बगल में टॉयलेट निर्माण को लेकर हुए विवाद के कारण हुई। पीड़ित शोरूम मालिक द्वारका प्रसाद दमेले हैं। दमेले ने जब टॉयलेट निर्माण का विरोध किया, तो उनके पड़ोसी हरिकांत यादव ने अपने साथियों के साथ शोरूम में घुसकर उनसे मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### पुलिस ने चार आरोपियों पर किया मामला दर्ज

शिकायत पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस, 2023 की धाराओं 115(2), 296, 324(4), 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है। पलेरा में हुई बारदात की मामले में पुलिस ने जांच के बाद आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।

## पराली में आग लगाए जाने पर प्रतिबंध

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने सार्वजनिक संपत्ति आमजन की सुरक्षा पर्यावरण एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में खेत में गेहूं एवं अन्य फसलों के डंठलों नरवाई पराली में आग लगाई जाने पर प्रतिबंध लगाया है।**

आदेशानुसार प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को व्यक्तिध्व्यक्तियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत धारा व अन्य विधिक प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत पर्यावरण विभाग द्वार जारी नोटिफिकेशन से नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को प्रतिबंधित कर दण्ड पर्यावरण क्षति.पूर्ति राशि अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है।

# नवाचार से ग्राम पंचायतों का बदलाव

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले की ग्राम पंचायतों द्वारा विकसित किया जा रहा चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम इस बात का उदाहरण है कि पंचायतें चाहें तो नवाचार कर सकती हैं, गावों में सुन्दर बदलाव ला सकती हैं। मध्यप्रदेश का टीकमगढ़ जिला ग्रामीण स्वच्छता एवं ग्रे वॉटर प्रबंधन के क्षेत्र में एक अभिनव उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यहाँ ग्राम पंचायतों में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गंदे पानी के वैज्ञानिक प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।**

अक्सर ग्राम पंचायतों का कार्य केवल भवन निर्माण तक सीमित समझा जाता है, किन्तु टीकमगढ़ ने यह सिद्ध किया है कि पंचायतें यदि संकल्प लें तो वे निर्माण आधारित नहीं बल्कि परिणाम आधारित विकास कर सकती हैं ।गाँवों में कीचड़ और जलभराव की समस्या कम हो रही है। मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण में सहायता मिल रही है ।स्वच्छता एवं स्वास्थ्य स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है ।ग्रामीण परिवेश अधिक व्यवस्थित और सम्मानजनक बन रहा है। यह पहल 15वें वित्त आयोग की राशि से स्वच्छता के लिए टाइड फंड के माध्यम से विकसित की जा रही है। यह केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन गुणवत्ता सुधार का अभियान है। ग्राम पंचायतों द्वारा विकसित किया जा रहा चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम इस बात का उदाहरण है कि पंचायतें चाहें तो नवाचार कर सकती हैं, गावों में सुन्दर बदलाव ला सकती हैं। जिला ग्रामीण स्वच्छता एवं ग्रे वॉटर प्रबंधन के क्षेत्र में एक अभिनव उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।